हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार,24 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 37 .7 डिग्री
न्यूनतम 20 .2 डिग्री

12 पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी करें पौधारोपण



12 तलवारबाजी प्रतियोगिता में मयंक ने किया शानदार



## खबर संक्षेप

### पुलिस ने दो चोरों को किया गिरफ्तार



**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने स्नेचिंग व बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों अजय पुत्र रणधीर व सोनू उर्फ तितली पुत्र चरणजीत निवासी हरि नगर, पानीपत को पुराना औद्योगिक क्षेत्र में गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों से स्नेचिंग की दो व बाइक चोरी की एक वारदात को खुलासा हुआ।

### दो बदमाशों ने ट्रक चालक से 10 हजार लूटे

**पानीपत।** पानीपत की चौटाला रोड पर मंगलवार की सुबह राजस्थान के चुरू निवासी ट्रक ड्राइवर रमेश कुमार के साथ दो बदमाशों ने हवाई फायर कर 10 हजार रूपये की लूट की। पुलिस को दी शिकायत में रमेश ने बताया कि वह सोमवार की रात को पानीपत पहुंचा था और चौटाला रोड पर धर्मकांटा पर अपना ट्रक खडा कर उसमें ही सो गया था। इधर, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### छोटे प्रयास से भविष्य में होंगे बदलाव

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज अंबाला छावनी मे प्राचार्य डॉ.रोहित दत्त के मार्गदर्शन में प्लेसमेंट सेल ने स्नातक की डिग्री पूरी करने के तुरंत बाद उम्मीदवारों के लिए ,उनकी रुचि के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के व्यापक अवसर खोलें है। इसके अंतर्गत अपना पाठ्यक्रम पूरा करने वाले छात्रों को नौकरी प्रदान करने के इरादे से कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की गई ।

### मानवी ने मिलिट्री स्कूल की परीक्षा की पास

बराडा। संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल की कक्षा छठी की होनहार छात्रा मानवी ने राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल का एंट्रेंस एग्जाम पास कर प्रवेश का मार्ग प्रशस्त कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है । स्कूल प्राचार्या विरंदर कौर ने बताया कि कक्षा छठी कक्षा की छात्रा मानवी का दाखिला राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल बेलगाम कैंप. कर्नाटक मे होगा। स्कूल मे पहुंची मानवी एवं उसकी माता ने इस अभूतपूर्व सफलता का श्रेय स्कूल शिक्षकों को दिया है।

### छीनाझपटी के आरोपियों को 5 वर्ष कैद

**कुरुक्षेत्र।** जिला कुरुक्षेत्र की जिला एवं सत्र न्यायाधीश अराधना साहनी की अदालत ने छीनाझपटी के आरोपी नवाब सिहं पुत्र जगदीश व साहब सिंह उर्फ काका पुत्र शीशपाल वासीयान तलहेडी जिला कुरुक्षेत्र को 5/5 वर्ष कारावास व 25/25 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है।

# एडमिशन के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट लिया तो 50 हजार रुपये का लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नए शिक्षा सत्र में एडमिशन के लिए अब सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में स्क्रीनिंग टेस्ट नहीं लिया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस सिलसिले में तुरंत आदेश जारी कर इस प्रक्रिया पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं। आदेशों में साफ कहा कि अगर किसी ने भी स्कूल ने इसकी पालना नहीं की तो उस पर 50 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से आए आदेशों पर कार्रवाई शुरू हो गई है। इसको लेकर सभी ब्लॉक एजूकेशन अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए हैं।

■ शिक्षा विभाग की ओर से सरकारी के साथ प्राइवेट स्कूलों के लिए जारी किया गया फरमान

### बगैर टेस्ट के देना होगा दाखिला

दरअसल नए शिक्षण सत्र को लेकर इन दिनों स्कूलों में एडमिशन किए जा रहे हैं। शिक्षा विभाग को शिकायत मिली थी कि कुछ स्कूल बच्चों का स्क्रीनिंग टेस्ट ले रहे हैं, जो नियमों के विपरीत है। इसको देखते हुए विभाग की ओर से इस आशय का लेटर जारी किया गया है। सरकारी स्कूल से आठवीं पास करने वाले सभी विद्यार्थियों को नेबरहुड विद्यालय (वह स्कूल जो बच्चे के निवास से पैदल दूरी के भीतर स्थित है) को स्क्रीनिंग किए बगैर दाखिला देना होगा। ऐसा न करने पर स्कूल पर कार्रवाई भी होगी। शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि अगर कोई स्कूल इस तरह से स्क्रीनिंग टेस्ट लेते हैं तो वह शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 13 की अवहेलना है। बता दें कि शिक्षा विभाग को शिकायतें मिल रही थी कि सरकारी या प्राइवेट स्कूलों में बच्चों का स्क्रीनिंग टेस्ट लिए जाने के बाद दाखिला दिया जाता है। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि अगर किसी भी स्कूल के खिलाफ कोई शिकायत मिली तो उसे पहली बार में 25 हजार और दुबारा उल्लंघन करने पर 50 हजार रूपए तक का जुर्माने का भुगतान करना होगा। आदेशों में कहा कि सभी सरकारी और प्राइवेट विद्यालयों में, शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 13 की पालना की जाए। सरकारी स्कूलों को भी निर्देश दिए कि राजकीय स्कूलों से 8वीं पास करने वाले विद्यार्थी का नौवीं कक्षा में नामांकन के लिए आसपास के स्कूल द्वारा कोई टेस्ट नहीं लिया जाए और विद्यार्थी को तुरंत दाखिला दिया जाए।



### सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए गए

'शिक्षा विभाग की ओर से स्क्रीनिंग टेस्ट को लेकर आदेश आ चुके हैं। हमने आदेश पर कार्रवाई भी कर दी है। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए गए हैं। साफ कहा कि अगर कोई भी स्कूल आदेश के बावजूद किसी बच्चे का स्क्रीनिंग टेस्ट लेता है तो उसके खिलाफ तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जाए। हम ऐसे स्कूलों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई करने के लिए बाध्य हैं।
सुरेश कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी, अंबाला

## कार्यकर्ताओं की बदौलत प्रदेश में फिर से खिलेगा कमलः मनोहर



भाजपा जिला कार्यालय करण कमल में बैठक करते पूर्व सीएम मनोहर लाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

चुनावों के दृष्टिगत पार्टी को संगठनात्मक दृष्टि से मजबूती प्रदान करने हेतु भाजपा जिला कार्यालय करण कमल में विभिन्न बैठकों का आयोजन किया गया। विधानसभा चुनाव प्रभारियों, ओबीसी मोर्चा एवं बूथ प्रबंधन व शक्ति केंद्र सम्मेलनों की समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं को पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा एवं करनाल लोकसभा भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल व संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस मौके पर लोकसभा संयोजक हरविंद्र कल्याण,ओ बी सी मोर्चा अध्यक्ष कर्ण देव काम्बोज,भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा सहित अन्य पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

■ मनोहर लाल ने बूथ प्रबंधन के प्रमुखों से एक-एक कर व्यक्तिगत चर्चा की

पार्टी की संगठनात्मक बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाते हुए कहा कि जनता के आशीर्वाद से 400 सीटें जीतकर भाजपा तीसरी बार सरकार बनाएगी। प्रदेश की सभी 10 सीटें हमारी थी और रहेंगी। प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीट और एक विधानसभा सीट पर कमल खिलाएंगे।

उन्होंने बूथ प्रबंधन के प्रमुखों से एक-एक कर व्यक्तिगत चर्चा की और हर विषय पर उनका मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर मनोहर लाल ने कार्यकर्ताओं को 'बूथ जीता-चुनाव जीता' मंत्र का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के हर बूथ पर अपनी बूथ सरंचना को मजबूत करना है।

# अनाज मंडी में खुले में पड़ा गेहूं बारिश से भीगा

## एजेंसियों के खरीदे गए गेहूं के भरे बैगों के नीचे बारिश का पानी भर गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिले में मंगलवार दोपहर को हुई बारिश से अनाज मंडी में खुले में पड़ा गेहूं भीग गया। हालांकि हल्की बारिश होने के कारण अनाज ज्यादा नहीं भीगा, पर किसानों की चिंता जरूर बढ़ा दी है। किसानों का कहना है कि अगर मौसम और अधिक बिगड़ा तो खेतों में पककर खड़ी व मंडियों में आने को तैयार फसल को नुकसान हो सकता है। बता दें कि अनाज का उठान न होने से नई अनाज मंडी में हजारों क्विटल गेहूं खुले में पड़ा है। इस बार क्षेत्र में गेहूं की पैदावार भी ठीक हुई है। कई दिन से बदलते मौसम के मिजाज ने किसान और मंडियों में आढ़तियों की परेशानी बढ़ा दी है। बारिश से मंडियों में आढ़तियों के चेहरे मुरझाए हुए हैं, क्योंकि मंडियों में काफी आढ़तियों की दुकानों के आगे पड़ा गेहूं बारिश से भीग गया और एजेंसियों के खरीदे गए गेहूं के भरे बैगों के नीचे बारिश का पानी भर गया।

■ अनाज का उठान न होने से नई अनाज मंडी में हजारों क्विटल गेहूं खुले में पड़ा

गेहूं खरीद के बाद उठान भी सही नहीं हो रहा, जिस वजह से मंडियों में गेहूं के बड़े ढेर लग रहे हैं। गेहूं खरीद के सीजन में अब तक खरीद एजेंसियों द्वारा अलग-अलग खरीद केन्द्रों से कुल 4 लाख 34 हजार 694 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है।

इस खरीद में से विभिन्न एजेंसियों द्वारा 1 लाख 51 हजार 138 मीट्रिक टन गेहूं का उठान कार्य पूरा कर लिया है। एजेंसियों द्वारा अब तक 64099 किसानों की गेहूं की फसल को खरीदा गया है।



कुरुक्षेत्र। बारिश में भीगते गेहूं से भरे कट्टे। फोटो : हरिभूमि

### शेड्यूल के अनुसार किसानों को बुलाया जा रहा

उपायुक्त ने कहा कि मंडियों व खरीद केन्द्रों पर फसल को लेकर आने के लिए प्रशासन द्वारा एक शेड्यूल बनाया गया है, जिसके तहत ही किसानों को फसल बेचने के लिए बुलाया जा रहा है। अब तक खाद्य आपूर्ति विभाग ने 2 लाख 18 हजार 251 एमटी, हैफेड ने 2 लाख 1 हजार 81 एमटी, हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 15141 एमटी व ट्रेडर्स ने 221 एमटी गेहूं की खरीद की है। एजेंसियों द्वारा 1 लाख 51 हजार 138 मीट्रिक टन गेहूं का उठान कार्य पूरा कर लिया है, जिसमें से डीएफएससी द्वारा 79222, हैफेड द्वारा 69710, एचडब्लयूसी द्वारा 1985 एमटी व ट्रेडर्स द्वारा 221 एमटी गेहूं का उठान कार्य पूरा कर लिया है। विभिन्न एजेंसियों द्वारा अब तक 64099 किसानों की गेहूं की फसल को खरीदा है।

### अनाज मंडी इंद्री में उठान धीमा



**इंद्री ।** अनाज मंडी इंद्री में गेहूं का उठान धीमा होने के कारण मंडी मे जाम की स्थिति बन गई है । जिसे लेकर आढ़तियों व किसानों मे रोष पनपता जा रहा है । मंडी मे गेहूं लेकर आए किसानों ने बताया कि एक ओर तो किसानों पर मौसम की मार पड़ रही है वही मंडी में उठान की धीमी गति होने के चलते उनकी समस्या बढ़ती जा रही है । उन्होंने बताया कि मंडी में गेहूं के कट्टो के ढेर लगने के कारण जाम की स्थिति बनी हुई है । मंडी के आढ़तियों का कहना है कि यदि मंडी में उठान के कार्य में तेजी नहीं लाई गई तो मंडी में जाम लग जाएगा जिससे किसानों व आढ़तियों की परेशानी और बढ़ सकती है । उधर भाकियू चढ़ूनी के प्रदेश उपाध्यक्ष रामपाल चहल व किसानों ने कहा कि यदि मंडी में उठान की गति को तेज नहीं किया गया तो भाकियू आंदोलन छेड़ने पर मजबूर होगी ।

## पानीपत में मजदूरों ने किसान की दरांती से की हत्या

**पानीपत।** पानीपत के निकटवर्ती गांव सौदापुर के खेतों में मजदूरों ने एक किसान की पीट पीट कर हत्या कर दी। वही, सन्नी निवासी सौदापुर ने बताया कि उसका पिता फतेहचंद पेशे से किसान था। उनके खेत में एकता विहार कॉलोनी का कमल व विक्की गेहूं कटाई का काम कर रहे थे। उसका पिता फतेहचंद भी खेत में काम कर रहा था। मंगलवार शाम को आंधी में उनके खेत से गेहूं की फसल उड़कर दूसरे के खेत में चली गई। उसके पिता फतेहचंद ने कमल व विक्की को फसल बांधने को कहा तो वह बहस करने लगे। उसके पिता ने कहा कि अगर दूसरे के खेत में फसल चली गई तो उनको काफी नुकसान होगा। इसलिए फसल की पुलियां बांधनी होगी। इस बात पर कमल व विक्की ने उसके पिता फतेहचंद के साथ बहस की। इसके बाद उसके पिता फतेहचंद अपने घर आ गए। वह उसकी मां दर्शनी देवी के साथ घर पर बात कर रहा था। इसी वक्त कमल व विक्की यहां पर अपने चार पांच दोस्तों के साथ आया और उसके पिता के साथ गाली गलौज करने लगा। उसके पिता फतेहचंद ने इसका विरोध किया तो इन्होंने उसके पिता के गुप्तांग पर लात मारी और दरांती से गर्दन पर हमला कर दिया। वह पिता फतेहचंद को आठ मरला के पास निजी अस्पताल में लेकर गए। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।

■ गेहूं कटाई के दौरान हुआ था बहसबाजी

## विज बोले अब मैं आपको कुछ दे नहीं सकता मेरी देने वाली ताकत मेरे से ले ली गई है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राज्य सरकार में कोई जिम्मेदारी न मिलने का दर्द एक बार फिर पूर्व मंत्री अनिल विज की जुबान पर आ गया। पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने मंगलवार को लार्ड महावीर जैन पब्लिक स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। यहां अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मैं आज आपको कुछ दे नहीं सकता क्योंकि मेरे पास जो देने वाली ताकत थी वह मेरे से ले ली गई है। मैं पूर्व में जब भी स्कूल आया कुछ न कुछ देकर अवश्य गया हूं। मगर अब भी मैं कुछ नहीं दे पाउंगा। मैं केवल स्कूल को अपनी शुभकामनाएं देता हूं और आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपकी हर लड़ाई में आपके साथ खड़ा हूं। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज या सभ्यता के लिए शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण विषय है, शिक्षा आदमी को इंसान बनाती है और लार्ड महावीर जैन पब्लिक स्कूल शिक्षण संस्थान जो कार्य कर रही है वह उच्च स्तर का है। शिक्षा का अर्थ केवल किताबी ज्ञान देना नहीं होता, शिक्षा का मतलब व्यक्ति को सभी प्रकार से सक्षम बनाना, उसे संस्कार, ज्ञान, शारीरिक कुशलता बनाना होता है। उन्होंने कहा कि जैन समाज अपने पर संयम रखकर साधना करते है और वह कई जैन परिवारों को जानते हैं जोकि संयम करते हैं।

■ लार्ड महावीर जैन पब्लिक स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में विज का दर्द छलका



मेधावी छात्रों के साथ पूर्व मंत्री अनिल विज व स्कूल प्रबंधन समिति के पदाधिकारी।

## सरकारी स्कूल में तेंदुआ दिखने से दहशत, टीम ने सर्च अभियान चलाया

**करनाल ।** उचाना गांव के सरकारी स्कूल के कैमरे में तेंदुए के देखे जाने पर आस-पास के ग्रामीणों में दहशत बरकरार है। इसके चलते वन विभाग की टीम में गांव में डेरा डाल लिया है। वहीं रोहतक से आई वन्य जीव संरक्षण विभाग की टीम ने भी रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया है। टीम द्वारा तेंदुए को पकड़ने के लिए कई पिजरें भी मंगाए गए है। लेकिन स्कूल के बाद तेंदुआ कहां गया उसके पग मार्क टीम को नहीं मिल रहे है। टीम का अनुमान है कि गांव के पास ही छोटे छोटे दो जंगल है शायद तेंदुआ इन्हीं जंगलों में हो सकता है। जिसके चलते आज टीम ने जंगल में सर्च अभियान शुरू कर दिया है। जहां पर तेंदुए के पग मार्क मिलते है। वहीं पर पिजरों को लगाया जाएगा। पूर्व सीनियर डप्टि मेयर नवीन कुमार ने बताया कि कल गांव का सरकारी स्कूल खुला तो वहां पर बड़े बड़े पंजों के निशान दिखे थे, जिसके बाद स्कूल में लगे कैमरों को चैक किया गया तो दीवार फांद कर तेंदुआ स्कूल घुसता हुआ दिखाई दिया। उसके बाद गांव के कुछ लोगों ने स्कूल के पिछे जो रास्ता है वहां पर लोगों ने उसे देखा। वन विभाग टीम के सदस्य राजबीर ने बताया कि कल दोपहर से टीम गांव में डटी हुई है। रोहतक से टीम को बुलाया गया है। जो तेंदुए को पकड़ने के लिए लगातार सर्च अभियान चला रही है। उन्होंने बताया कि गांव के पास ही पश्चमी यमुना नहर निकल रही है। अगर तेंदुआ मिलता है तो इसी रास्ते से गांव में आया है।

### श्री हनुमान सेवा समिति ने कथा व्यास को सम्मानित किया

# श्रीराम चरित्र मानस परम पवित्र हैः देवी सुदीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

श्रीराम चरित्र मानस परम पवित्र है। देवता भी श्रीराम के चरित्र के रहस्य को नहीं समझ पाते। श्रीरामचरित मानस का मुख्य सारांश यही है कि हमें प्रभु श्री राम की तरह मर्यादित होकर अपने जीवन के उत्तरदायित्व को निभाना होगा। श्री हनुमान जी प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में श्री हनुमान सेवा समिति की ओर मां अन्नपूर्णा आश्रम में अंतिम दिन की कथा मे सुश्री देवी सुदीक्षा सरस्वती रामायणी ने कहा। मंगलवार को कार्यक्रम मे ज्योति प्रज्जवलित करके श्रीराम कथा का शुभारंभ किया। उसके तत्पश्चात मुख्य रूप से कथा व्यास स्वामी रामानन्द सरस्वती नकुड़ वालें की परम शिष्या सुश्री देवी सुदीक्षा सरस्वती रामायणी ने कहा कि आज पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रचलन के चलते जिस प्रकार से भारतीय संस्कृति के मूल्यों पर प्रहार हो रहा है, उसी के परिणामस्वरूप आज हमारी युवा पीढ़ी तेजी से भ्रमित हो रही है। ऐसे में यदि भारतीय संस्कृति वेदों, पुराणों, ग्रंथों में बताए प्रेरणा प्रसंगों का प्रसार नहीं किया गया, तो भविष्य में इसके गंभीर परिणाम हमारी भावी पीढ़ी को भुगतने पड़ेंगे। देवी सुदीक्षा ने समिति द्वारा पिछले 14 सालों से रोजाना चल रहे लंगर प्रसाद की प्रशंसा की। यह समिति शहर मे सैकड़ों गरीब, लाचार, असहाय लोगो को भोजन करवाने सेवा का कार्य कर रही है। इसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। कथा के बाद सुशांत सागर एवं रिंकु चुघ द्वारा श्री राम के भजनों का गुणगान किया। समिति की ओर से मंच पर देवी का आए सदस्यों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अन्त मे समिति के प्रधान अमन शर्मा ने कार्यक्रम मे पहुंचने पर मेहमानों व गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अंत में आरती करके भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें सैकड़ों की सं या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर समिति के सरक्षंक लाला साधु राम सिंगला, ईश्वर चन्द गोयल, बृजभूषण गोयल, वेद सलूजा, सुभाष अनेजा, बालकिशन त्रिपाठी, नपा प्रधान विरेन्द्र बंसल, रविन्द्र सिंगला, राकेश गर्ग, अजय गोयल, मुकेश गोयल, प्रधान अमन शर्मा, विपिन छाबड़ा, संजय गाबा, संजय सेतिया, मदन लाल सचदेवा, पार्षद नरेश गाबा, अशोक लूथरा सहित शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

■ पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रचलन के चलते भारतीय संस्कृति के मूल्यों पर प्रहार हो रहा






तरावड़ी। कार्यक्रम मे पहुंचे गणमान्य लोगो को मंच से सम्मानित करती देवी सुदीक्षा व कार्यक्रम मे उपस्थित महिलाएं व पुरुष।

## मांगों को लेकर कर्मियों ने किया प्रदर्शन




मांगों को लेकर प्रदर्शन करते कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

एचएसवीपी कर्मचारी यूनियन के बैनर तले छठे दिन भी सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अगुवाई जिला प्रधान गुरविंदर सिंह ने की व संचालन सचिव सुल्तान सिंह द्वारा किया गया। मुख्य रूप से सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुशील गुर्जर व जिला सचिव सेवाराम बड़सर ने कहा कि कर्मचारियों ने उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए जोरदार नारेबाजी की गई। उपायुक्त ने संगठन के डेपुटेशन को बुलाकर बातचीत की व एक कमेटी गठित की, जो पूरे मामले की जांच करेगी व इनकी समस्याओं का हल करवाएगी। कर्मचारियों ने कहा कि पिछले तीन महीने से विभाग सैलरी जारी नहीं कर रहा है। कर्मचारियों के समक्ष साल भर का राशन लेने, बच्चों का एडमिशन करवाने ,मकान का किराया देने ,दवाइयां का खर्च आदि को लेकर समस्याएं खड़ी हो गई हैं। सुशील गुर्जर व सेवाराम बड़सर ने कहा कि जब तक वेतन, इपीएफ व ईएसआई की मांग पूरी नहीं की जाती धरने को जारी रखा जाएगा।

■ उपायुक्त ने संगठन के डेपुटेशन को बुलाकर बातचीत की व एक कमेटी गठित की, जो पूरे मामले की जांच करेगी

इस अवसर पर ओम प्रकाश सिंहमार, सीटू नेता ओम प्रकाश माटा, राजकुमार, विनोद परोचा, सुरेंद्र पुरोचा, धीरज रावत, तेलु राम, रोशन लाल गुप्ता, भाग सिंह, सतपाल सिंह, कृष्णा कश्यप, शीशपाल राणा, प्रवेश कुमार, सुभाष चंद्र, पवन राणा, रानी, सीता, सुनीता व शेरो आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### 'पौधारोपण एवं पिकअप एंड थ्रेस' एक्टिविटी

**घरौंडा।** राजकीय महिला महाविद्यालय बसताड़ा, घरौंडा में कार्यवाहक प्राचार्या डॉक्टर कमलेश रानी एवं वरिष्ठ प्रोफ़ेसर नरेश सिंह के मार्गदर्शन में साइंस क्लब ,इको क्लब एवं नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर द्वारा पृथ्वी दिवस पर 'पौधारोपण एवं पिकअप एंड थ्रेस' एक्टिविटी का आयोजन किया गया। कमलेश ने पृथ्वी को स्वच्छ रखने के बारे में बताया।

### जनता मोदी को फिर पीएम बनाने को तैयार

**करनाल/असंध।** भाजपा के वरिष्ठ नेता जिलेराम शर्मा ने कहा कि देश की जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार है। करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल भारी बहुमत से विजयी होंगे। मनोहर लाल ने पिछले साढ़े 9 वर्षों में हरियाणा प्रदेश में जो काम किया है, देश के दूसरे राज्य भी मनोहर लाल की तारीफ करते हैं।

### मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम

**करनाल।** स्थानीय स्कूल राजकीय कन्या उच्च विद्यालय अर्बन एस्टेट करनाल में विद्यालय प्रधानाचार्य ओम सिंह राणा की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। जिसका नेतृत्व जिला संगठन आयुक्त अनिल सैनी ने कब बुलबुल बच्चों की टुकड़ी के साथ भाग लेकर किया। लोगों को मतदान के महत्व का पता तभी चल सकता है जब हम अपने वोट का प्रयोग करेंगे।

### राम मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया

**करनाल।** श्री राम मंदिर सेक्टर आठ में श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। महिला सत्संग मंडल द्वारा श्री सुंदरकांड पाठ किया गया। इसके उपरांत भजन संध्या में ऊषा बत्रा, अनु खट्टर, सुषमा धमीजा व सरोज शर्मा ने भजन गाकर संगत को निहाल किया। हनुमान जी की प्रतिमा को विशेष रूप से सजाया गया, जो आकर्षक लग रही थी।

### भाविप के पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की

**करनाल।** भारत विकास परिषद् कृष्ण शाखा की वर्ष 2024-25 की नई टीम ने अपना दायित्व ग्रहण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस.के. मल्हौत्रा कुलपति महाराणा प्रताप हार्टिकल्चर विश्वविद्यालय, विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद् राजबीर डाबर, कार्यक्रम अध्यक्ष धीरज भाटिया प्रांतीय अध्यक्ष भा.वि.प. और दायित्व प्रदात्ता कपिल अत्रेजा प्रांतीय उपाध्यक्ष थे, जिन्होंने नई टीम को शपथ दिलवाई।

### मोदी के संकल्प को पूरा करने को मेहनत करें

**करनाल।** भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा ने कहा कि मोदी ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लिया है। कार्यकर्ता इस संकल्प को पूरा करने के लिए और मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के लिए मेहनत करें। उन्होंने कहा कि जनता के समर्थन और कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। फणीन्द्र नाथ शर्मा ने रेलवे रोड स्थित भाजपा कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक ली।

### पांच न्यायाधीशों का विदाई समारोह संपन्न

**करनाल।** करनाल जिला अदालत से ट्रांसफर हुए पांच न्यायाधीशों का विदाई समारोह मंगलवार को आयोजित किया गया। करनाल जिला बार एसोसिएशन की ओर से बार रूम में कार्यक्रम का आयोजन कर न्यायाधीशों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान संदीप चौधरी ने की। ट्रांसफर हुए पांच न्यायाधीशों में सिविज जज सीनियर डिवीजन खत्री सौरभ, एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एवं सेशन जज आकाशदीप महाजन, सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रतीक सिंह, सीजेएम ईशा खत्री व सचिव डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज एथोरिटी जसबीर कौर शामिल हैं। न्यायाधीशों ने करनाल अदालत के अपने अनुभव सांझा किए और वकीलों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्रधान संदीप चौधरी ने कहा कि सभी न्यायाधीशों की कार्यशैली हमेशा प्रशसंनीय रही है।

---

### मुहिम: स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की रैंकिंग में टॉप पर आने के लिए नगर निगम ने गतिविधियां तेज कीं

# गौशाला व नंदीशाला में भंडारे के आयोजन को बनाया स्वच्छ कार्यक्रम, कार्यक्रम पूरी तरह से रहा जीरो वेस्ट

कार्यक्रम में मौजूद लोगों के नगर निगम के प्रयासों की की सराहना, बोले- साफ-सफाई के प्रति अन्य लोगों को भी करेंगे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की रैंकिंग में टॉप पर आने के लिए नगर निगम सिटीजन एंगेजमेंट की गतिविधियों को तेजी से चलाए हुए है। इसे लेकर नगर निगम की ओर से मंगलवार को शहर के फूसगढ़ स्थित गौशाला व नंदिशाला में श्री हनुमान जयंती के अवसर पर भंडारा आयोजित किया गया। नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन (अर्बन) टीम ने कार्यक्रम को स्वच्छ कार्यक्रम में परिवर्तित किया। कार्यक्रम पूरी तरह से जीरो वेस्ट थीम पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत केक काट कर की गई। खास बात यह रही कि केक को स्पेशल गायों व नंदियों के लिए तैयार किया गया था, जो हरी घास, आटा व गुड़ से निर्मित था। केक कटकर सभी गायों व नंदियो को खिलाया गया, उसके बाद भंडारे की शुरुआत की गई। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल बिल्कुल भी नहीं किया गया। इस दौरान नगर निगम की टीम द्वारा कार्यक्रम में मौजूद लोगों व बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। टीम द्वारा उपस्थित सभी को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की जानकारी दी गई। नागरिकों को शून्य कचरा प्रबंधन हेतु जागरूक किया गया तथा गीला-सूखा कचरा अलग-अलग करने और 5 तरह के डस्टबिन के प्रयोग की जानकारी दी। उन्हें बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, इसका इस्तेमाल कतई न करें और न ही बाजार से सामान लाने के लिए पॉलीथिन निर्मित बैग का प्रयोग करें।



### श्री बालाजी महाराज को लगाया छप्पन भोग

**इंद्री।** श्री बालाजी धाम रामगढ़ मे श्री हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया । इस मौके पर एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें काफी संख्या मे श्रद्धालुओं ने पहुंच कर श्री बालाजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया । श्री बालाजी धाम रामगढ़ के अध्यक्ष गुरु महिन्द्र पाल तोमर ने हनुमान जन्मोत्सव कि देश प्रदेश व विदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी । उन्होने बताया कि श्री बालाजी धाम रामगढ़ मे हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया है जिसमे श्री बालाजी महाराज को को छप्पन भोग लगाया गया व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । कार्यक्रम मे हरीकृष्ण भट्ट, सैलजा भट्ट, सुभाष, संजय, मांगेराम गुप्ता, सतपाल, जयभगवान, रविन्द्र सैनी नरेश, दीपक, विकास तोमर व कमलेश आदि का योगदान रहा ।

### हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया

**घरौंडा।** शहर में श्री हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों में सुंदरकांड का पाठ किया गया। वहीं समाजिक संस्थाओं ने शहर शोभायात्रा यात्रा भी निकालीं। शहर मे हनुमान जी के नारे गूंज उठे। हनुमान जी के मंदिर में सुबह ही भीड़ लग गई। शहर मे भगवान श्री हनुमान जी के जन्मउत्सव पर श्रद्धांलूओ ने मंदिरो मे पूजा अर्चना की ओर मनोकामनायें मांगी। शहर के मंदिरों मे सूंदरकांड का आयोजन किया गया। वही एक सामाजिक संस्था ने शहर मे बैंड बाजो के साथ शोभायात्रा निकली। शोभायात्रा मुख्य बाजार से शुरू होकर रेलवे रोड व अन्य मार्गो से निकाली गई। शोभायात्रा मे मनमोहक झांकिया बनाई गई। शोभायात्रा का जगह - जगह पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया । सुंदर काण्ड सभा,श्री बाला जी सुंदर काण्ड सभा, श्री रामा सुंदर काण्ड सेवा समिति द्वारा विभिन मंदिरो व शोभा यात्रा में सुंदर काण्ड, हनुमान जी का पाठ किया गया।



### मंदिरों में हनुमान जी को भोग चढ़ाया

**करनाल।** श्री सनातन धर्म महाबीर दल अस्पताल के प्रधान कैलाश चंद्र गुप्ता ने कहा है कि हनुमान जी कृपा से श्री सनातन धर्म चैरिटेबुल अस्पताल गरीबों और जरूरतमंदों को सेहत की सेवा दे रहा है। वह हनुमान जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। आज मंदिर में सुंदर कांड का पाठ हुआ। बाद में प्रसाद वितरित किया गया। मंदिरों में हनुमान जी को भोग चढ़ाया गया। हनुमान जी को मुख्य पुष्पहार प्रधान कैलाश चंद गुप्ता, महासचिव नीरज परनामी, कैशियर रमेश नागपाल, सदस्य ज्ञान सिंह चावला, गोपाल शर्मा, गुलशन खेत्रपाल, राजकुमार के साथ अस्पातल के डाक्टर स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

### अखंड श्री हनुमान चालीसा का जाप

**तरावड़ी।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में बाबा बंसी वाले की कृपा से 12 घंटे 108 वेदियों के द्वारा अखंड श्री हनुमान चालीसा का जाप सुबह 6 बजे से सांय 6 बजे तक रामलीला भवन मे किया गया। जिसमे शहर के सैंकड़ो राम भक्तों मे भाग लेकर श्री हनुमान चालीसा का जाप किया। इस कार्यक्रम मे आसपास के कस्बों से कार्यक्रम भाग लेने पहुंचे हुये थे। बाबा बंसी वालें सभा के पड़ित द्वारा श्री हनुमान चालीसा की महिमा का वर्णन करते हुये कहा कि हनुमान चालीसा अवधी में लिखी एक काव्यात्मक कृति है जिसमें प्रभु श्री राम के महान भक्त हनुमान जी के गुणों एवं कार्यों का चालीस चौपाइयों में वर्णन है। जिसमें पवनपुत्र श्री हनुमान जी की सुन्दर स्तुति की गई है। श्री हनुमान चालीसा का नियमित पाठ करने से आपको जीवन में भय से मुक्ति और आपकी हर मनोकामनाएं पूरी होती है। हनुमान चालीसा में चमत्कारी शक्तियों का वर्णन किया गया है, और श्री हनुमान चालीसा पाठ करने से हनुमंत कृपा हमेशा बनी रहती है । मान्यता है कि हनुमान जी अजर-अमर हैं।

### एसएमएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बच्चों को हनुमान की महिमा बताई



**तरावड़ी।** एस.एम.एस.मेमोरियल पब्लिक स्कूल में हनुमान जयंती का उत्सव विद्यालय के प्रांगण में बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। भगवान हनुमान के जन्म दिवस को हनुमान जयंती के रूप में मनाया गया। छात्र-छात्राओं के लिए ड्राईंग, दोहा चौपाई, लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। विद्यालय प्राचार्या डॉ. विभा कौशिक ने बच्चों को बधाई दी और उनके जीवन से प्रेरणा लेने को कहा। कार्यक्रम में बच्चों को बताया गया कि भगवान हनुमान अजर-अमर हैं। उन्होंने शिव के 11वें अवतार के रूप में माता अंजना की कोख से जन्म लिया। हिंदू धर्म में हनुमान जयंती की विशेष मान्यता है। विद्यालय में छात्र-छात्राओं और शिक्षिकाओं द्वारा हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ भी बड़े सुंदर ढंग से किया गया। विद्यालय के प्रबंधक सरदार गुरशरण सिंह ग्रेवाल ने हनुमान जयंती की शुभकामनाएं दीं।

## श्री हनुमान मंदिर इंद्री में सुंदरकांड पाठ व हवन यज्ञ



**इंद्री।** श्री हनुमान मंदिर इंद्री में मंदिर सुधार सभा इंद्री द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव धुमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ सुंदरकांड के पाठ व हवन यज्ञ कर किया गया । इस मौके पर यजमान के रूप मे पूजा अमित गोयल व शिवानी गोयल ने करवाई । मंदिर सुधार सभा इंद्री के प्रधान पवन सिंगला ने बताया कि श्री हनुमान मंदिर इंद्री में श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया है । उन्होने बताया कि मंदिर सुधार सभा का प्रयास रहता है कि प्रत्येक त्यौहार को कस्बे मे धुमधाम से मनाया जाए । उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी श्री हनुमान जन्मोत्सव पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

## अग्रवाल सभा ने लगाया भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी

आज शहर में विभिन्न स्थानों पर श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। शहर के लगभग सभी मन्दिरों मे श्री राम कथा सुंदरकांड पाठ व भंडारे का आयोजन किया गया। श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर अग्रवाल सभा तरावड़ी की ओर से हनुमान मंदिर मेन बाजार में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पूर्व एक दिन पहले श्री रामायण जी का पाठ रखा गया था आज प्रातः श्री रामायण जी का पाठ को भोग डालकर तत्पश्चात हवन यज्ञ किया गया। जिसमें सभा के प्रधान रमेश गुप्ता व अन्य पदाधिकारी सदस्यों समेत बाजार के स्थानीय दुकानदारों ने भी पूर्ण आहूति दी उसके तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हवन सम्पन्न के पश्चात सभा के प्रधान रमेश गुप्ता ने श्री हनुमान जी की प्रतिमा पर नये वस्त्र का चोला चढ़ाया बाद मे सभा की ओर से सवामनी लड्डूओं के प्रसाद का भोग लगाया गया। शहर के हजारों लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। सभा के पदाधिकारी संजय बंसल ने बताया कि सायं बालाजी का जागरण होगा। जिसमें लखबीर लक्खा कुरूक्षेत्र एवं आरती खन्ना पानीपत गायक कलाकार भजनों का श्रद्धालुओं को रसपान कराएंगे।



**तरावड़ी।** मन्दिर मे हवन के बाद लगे भंडारा बांटते सेवादार।



### महाबीर मन्दिर श्री सुन्दरकांड पाठ व भंडारा

**तरावड़ी।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में महावीर मंदिर डेरी वाला में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सहारनपुर से आए से अशीष सागर स्नेही बंधुओं द्वारा श्री सुंदरकांड का पाठ एवं श्री राम कथा श्रावन करवाई। इस अवसर पर स्नेही बंधुओ ने श्री सुंदरकांड पाठ की चर्चा करते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को बताया की सुंदरकांड पाठ करने से घर से दुख दरिद्रता कोस दूर रहती है और इंसान के बिगड़े हुए काम बनते हैं। हमें रोजाना श्री हनुमान चालीसा का पाठ अवश्य करना चाहिए इसके अलावा शनिवार या मंगलवार को सुंदरकांड पाठ भी करना चाहिए। इस अवसर पर मंदिर सभा के प्रधान पार्षद सुरेंद्र खुराना ने बताया कि आज हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम समाप्ति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भोजन रूपी प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सुरेंद्र खुराना पार्षद, नन्दकिशोर खुराना, प्रेमचंद खुराना के अलावा खुराना परिवार के सभी सदस्य एवं हंसराज पाहुजा, गणेश खन्ना, संजय गाबा और शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## भाजपा मुंगेरी लाल की तरह सपने देख रही: सैलजा

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

- करनाल में पूर्व अधिकारी के निधन पर शोक जताने पहुंचीं

कुमारी सैलजा ने भाजपा के 400 पार वाले नारे को मुंगेरीलाल का सपना बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा मुंगेरी लाल की तरह सपने देख रही है। एक ओर भाजपा 400 पार के सपने देख रही है तो दूसरी ओर यह लोगों को बरगलाने का पुराना हथकंडा भी है।

हमने 75 पार भी देखे है और पहले सीएम सिटी भी देखी है और नए सीएम को उपचुनाव में उतारकर नई सीएम सिटी का भी सपना भाजपा देख रही है। लेकिन जनता भाजपा के झूठे वायदों से तंग आ चुकी है और देश व प्रदेश की जनता सत्ता परिवर्तन का मन बना चुकी है। वह करनाल में पूर्व अधिकारी के निधन पर शोक जताने पहुंची थीं। कांग्रेस नेत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि लोकसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस की अच्छी तैयारी है और कैंडिडेट्स के नामों का खुलासा होते ही कांग्रेस और भी मजबूती के साथ मैदान में होगी।

लोकसभा प्रत्याशियों के नामों को लेकर कांग्रेस मंथन कर रही है, चूंकि हमारे नेता थोड़े बिजी थे, इसलिए थोड़ा समय लग रहा है, जल्द ही लस्टि जारी होगी।



## डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस उत्साह से मनाया

**करनाल।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल मधूबन में पृथ्वी दिवस का आयोजन बड़े ही उत्साह और सामूहिक प्रयासों के साथ किया गया। 22 अप्रैल को विद्यालय के छात्रों और स्टाफ ने मिलकर यह दिवस मनाया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण की महत्वपूर्णता को बढ़ावा देने के लिए विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में पेड़ लगाने, पुनर्चक्रण प्रतियोगिता, और क्राफ्ट कार्यशालाओं का समावेश था। छात्रों ने स्कूल परिसर में पौधारोपण किया, जिसे जलवायु परिवर्तन के खिलाफ एक प्रतीकात्मक लड़ाई के रूप में प्रस्तुत किया गया। साथ ही, पुनर्चक्रण प्रतियोगिता में छात्रों ने प्लास्टिक की बोतलें, कागज और अन्य पुनर्चक्रित सामग्री को एकत्रित और पुनः उपयोग में लाने के लिए प्रेरित किया गया।

## बच्चों में सीखने की भूख पैदा करें

- निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭इंद्री

निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल इंद्री में चल रहे अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन खंड शिक्षा अधिकारी अंजू सरदाना ने स्कूल प्रिंसिपल वंदना चावला के साथ सभी समूहों का औचक निरीक्षण कर मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण की जांच की।

खंड शिक्षा अधिकारी अंजू सरदाना ने बताया कि एफएलएन कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों द्वारा सीखने के प्रति फलों का आकलन करना बहुत जरूरी एवं महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने कहा कि आसपास के वातावरण के साथ बच्चों का मन जोडक़र उनके अंदर सीखने की भूख पैदा करें। इस प्रशिक्षण कार्यशाला मे खंड के लगभग 160 अध्यापक चार अलग-अलग समूहों में प्रशिक्षण ले रहे हैं । इस मौक पर बीआरपी धर्मेंद्र चौधरी, मास्टर ट्रेनर रविंद्र शिल्पी, डॉ.बारू राम मंढान, कविता, मोनिका, निशा, सुनंदा, नीतू कांबोज, महिंद्र कुमार, एबीआरसी शैलजा, युगल किशोर व गरिमा शर्मा आदि उपस्थित रहें ।



**इंद्री।** गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल इंद्री मे अध्यापकों को प्रशिक्षण देते मास्टर ट्रेनर। फोटो: हरिभूमि

### महाराणा प्रताप उद्यान विवि बीजीय मसालों पर करेगा शोध कार्य

# गेंदे के फूल व प्याज-लहसून पर भी होगी रिसर्च

- किसानों को उपलब्ध कराएगा उन्नत किस्मों का बीज

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल प्रदेश में बागवानी के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेंगी। जो आने वाले दिनों में किसान भाईयों के लिए क्रांतिकारी बदलाव लाने में सहायक होंगे। बदलावों से न केवल किसान पहले की अपेक्षा आर्थिक तौर पर ज्यादा खुशहाल होंगे साथ ही पारंपरिक खेती से किसानों का रूझान कम होगा। जो प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने में सहायक साबित होगा। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के कुलपति डॉ. सुरेश कुमार मल्होत्रा के नेतृत्व में बीजीय मसालों सहित गेंदे के फूल, प्याज, लहसुन पर शोध कार्य शुरू किया है। शोध कार्य सफल होने के बाद किसानों को उन्नत किस्मों का बीज उपलब्ध कराया जाएगा साथ ही विधियों के बारें में जानकारियां दी जाएगी। कुलपति ने बताया कि आगामी खरीफ के मौसम में 10 एकड़ में सौंफ, धनिया, अजवाइन, मैथी, प्याज ओर लहसून की खेती के साथ-साथ शोध किया जाएगा। कुछ सब्जियों के बीज चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से मूल बीज प्राप्त किए जा रहे है। बीज उत्पादन का एक विशेष कार्यक्रम चलाया गया है ताकि किसानों को अच्छी गुणवत्ता वाला बीज उपलब्ध हो सके। एक एकड़ में गेंदे के फूल की खेती की जाएगी।



**करनाल।** रिसर्च के लिए जमीन को चिन्हित करते हुए कुलपति डॉ. सुरेश कुमार मल्होत्रा। फोटो: हरिभूमि

### वैज्ञानिकों की टीम करेंगी शोध

कुलपति डॉ. सुरेश मल्होत्रा ने बताया कि शोध कार्य करने के लिए वृक्षारोपण, मसाला औषधीन एवं सुंगधित शोध विभाग बनाया हैं, शोध कार्य करने के लिए वैज्ञानिकों की टीम बनाई हैं। शोध कार्य पर तेजी से कार्य हो ओर उसके सकारात्मक परिणाम सामने आए। इसके लिए लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। विभाग द्वारा जमीन को चिन्हित कर लिया गया हैं।



## भाजपा सरकार की हर नीति जनहितैषी : सुमन सैनी

- सुमन सैनी ने मनोहर और नायब सैनी के लिए वोट की अपील की

**करनाल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नायब सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार की हर नीति जनहितैषी है। प्रदेश व केंद्र की मोदी सरकार ने अनेको ऐसी जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई जिनका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है, लोगों को ऑनलाइन तरीके से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। सुमन सैनी शिव कालोनी में अशोक शर्मा, राम नगर में कैलाश भगत निवास, न्यू रमेश नगर में सुमेर चंद व सेक्टर-32 में विकास निझावन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पहुंची। मौके पर पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम की चेयरपर्सन निर्मला बैरागी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मीना कांबोज, निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता, रेखा आनंद, पूर्व पार्षद मेघा भंडारी, अमर ठक्कर, भगवानदास अग्घी, राजेश अग्घी, राजेंद्र राजू, प्रमोद नागपाल, बिशन सिंह शेखावत, रजनी परोचा व जसपाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### दिन दहाड़े महिला सीए की चेन छीनी

पानीपत। पानीपत के तहसील कैंप के फतेहपुरी चौक क्षेत्र बाइक सवार दो बदमाशों ने दिनदहाड़े 22 वर्षीय सीए आंचल निवासी राम नगर, तहसील कैंप, पानीपत की छह ग्राम सोने से बनी चेन झपट ली। जबकि वारदात सीसीटीवी कैमरों में दर्ज हो गई। इधर, आंचल की शिकायत पर तहसील कैंप थाना पुलिस ने दो अज्ञात बदमाशों पर स्नेचिंग के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दो चरणों में होगा चुनावी पायलट रिहर्सल

**पानीपत।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन गंभीरता से कार्य कर रहा है। लोकसभा के आम चुनाव को लेकर पीठासीन, वैकल्पिक पीठासीन अधिकारी तथा सहायक रिटनिंग अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित होगा। जिसमें 700 अधिकारी व कर्मचारी भाग लेंगे। वही, ये प्रशिक्षण बुधवार 24 अप्रैल व शुक्रवार 26 अप्रैल को दो चरणों में स्थानीय आर्य पी.जी. कॉलेज में होगा।

### प्रदर्शनी में हर्षा और तनीषा प्रथम

**पानीपत।** आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीबीए के विद्यार्थियों द्वारा ₹सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स₹ विषय पर प्रदर्शनी लगाई। इस प्रदर्शनी में हर्षा एवं तनीषा बीबीए प्रथम वर्ष प्रथम स्थान, स्नेहा एवम ईशा बीबीए तृतीय वर्ष द्वितीय स्थान, पायल, इशिका, यशिका, साक्षी बीबीए प्रथम वर्ष तृतीय स्थान एवं निशु, हिमांशी बीबीए तृतीय वर्ष रश्मि, विशाखा बीबीए प्रथम वर्ष ने सांत्वना पुरस्कार ग्रहण किया। विजेताओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र तथा प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

### आई. बी. पीजी कॉलेज में शेक्सपियर को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** आई. बी. पीजी कॉलेज में टैगोर सोसाइटी, अंग्रेजी विभाग द्वारा अंग्रेजी साहित्य के सुप्रसिद्ध नाटककार विलियम शेक्सपियर की जयंती मनाई गई। प्रोग्राम के दौरान पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को विलियम शेक्सपियर के जन्म से मृत्यु तक के महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया गया और विद्यार्थियों ने विलियम शेक्सपियर के बारे में अपने विचार रखे और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### छात्राओं को इनसो से जोड़ा

**पानीपत।** इनसो लगातार महाविद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों की समस्या जानकर उनका हल करवाने में लगी हुई है आज इसी कड़ी में कॉलेज प्रधान काजल दहिया ने राजकीय महिला कॉलेज मतलोड़ा में छात्राओं को इनसो से जोड़ा और छात्राओं की समस्या सुनी कर उनके निराकरण कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मानसी शर्मा, निधि देशवाल, नैनसी बिजला, निधि खोखर, शीतल देशवाल, प्रीति ठाकुर, मीनाक्षी सैनी आदि उपस्थित रही।

### श्री विश्वकर्मा मंदिर में यज्ञ किया

**पानीपत।** पानीपत की हरि सिंह कॉलोनी स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। जिसमें हनुमान चालीसा का पाठ कर हवन यज्ञ किया गया। पंडित हेमंत शुक्ला द्वारा पूजा अर्चना कराई गई। कार्यक्रम में श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के संरक्षक तेलू राम पांचाल, चेयरमैन विनोद पांचाल, प्रधान ईसम कुमार पांचाल, कोषाध्यक्ष बिजेंद्र पांचाल, रविंद्र मंडावर ,सतीश पांचाल, सुंदर पांचाल, मोहन लाल, चंद्रपाल ,आकाश पांचाल, जितेन्द्र पटवा, काला पांचाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### टीचर के साथ 31 लाख रुपये की ठगी

पानीपत। पानीपत के विराट नगर निवासी प्राइवेट टीचर भूमिका साइबर ठगों का शिकार बन गई। ठगों ने भूमिका को टेलीग्राम पर टास्क पूरे करने के नाम पर ठगों ने अपने झांसे में लिया। इसके बाद उससे अलग-अलग समय में टास्क पर रुपए लगवा लिए। ठगों ने भूमिका से कुल मिलाकर 31 लाख 64 हजार रुपए ले लिए। जब भूमिका रुपए निकालने लगी, तो नगदी नहीं निकली।

---

### एसडी पीजी कॉलेज में विश्व पुस्तक दिवस पर सेमिनार का आयोजन

# मानव के लिए सर्वोत्तम मित्र है पुस्तक : डॉ अनुपम अरोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर आयोजित सेमिनार में डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि महान उद्देशीय अंतर्राष्ट्रीय सहयोग तथा विकास की भावना से प्रेरित 193 सदस्य देश तथा 6 सहयोगी सदस्यों की संस्था यूनेस्को द्वारा विश्व पुस्तक तथा स्वामित्व (कॉपीराइट) दिवस का औपचारिक शुभारंभ 23 अप्रैल 1995 को हुआ था।

हालांकि इसकी नींव 1923 में स्पेन में पुस्तक विक्रेताओं द्वारा प्रसिद्ध लेखक मीगुयेल डी सरवेन्टीस को सम्मानित करने हेतु आयोजन के समय ही रख दी गई थी । सरवेन्टीस का देहांत भी 23 अप्रैल को ही हुआ था। इससे भी कमाल की बात तो यह है कि विलियम शेक्सपीयर के जन्म तथा निधन दोनों की तिथि भी 23 अप्रैल थी। पुस्तकें ज्ञान तथा नैतिकता की संदेशवाहक, अखंड संपत्ति, भिन्न-भिन्न प्रकार की संस्कृति हेतु एक खिड़की तथा चर्चा हेतु एक औजार का काम करती हैं तथा भौतिक वैभव के रूप में देखी जाती हैं। पुस्तकों के कारण रचनात्मक कलाकारों के स्वामित्व की रक्षा भी होती है।


पानीपत। एसडी कॉलेज में पुस्तकों को लेकर चर्चा करते हुए अध्यापिकाएं व छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

ऐसे में पुस्तक दिवस को मनाकर हम सभी एक जनजागरण अभियान के भागीदार बन जाते है जिसका समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि बेशक आज इंटरनेट, ई-बुक्स इत्यादि ने पढ़ने के क्षेत्र में क्रान्ति ला दी है परन्तु फिर भी पुस्तकों का कोई विकल्प नहीं है। एक अच्छी किताब हमारे जीवन का सर्वोत्तम मित्र हैं और यह मित्र आज भी है और सदा के लिए भी हमारे साथ रहेगा।

विश्व पुस्तक तथा कॉपीराइट दिवस पुस्तक पढने की आदत को बढ़ाना के महत्वपूर्ण उद्देश्य से भी प्रेरित है। डॉ संध्या ने कहा कि अच्छी पुस्तकें ईश्वर तुल्य है, इनकी आराधना से जीवन में प्रकाश, मार्गदर्शन और उल्लास मिलता है। डॉ राकेश गर्ग ने कहा कि किताबों के माध्यम से हम दुनिया के महान लोगों को जानकार उन्हें आत्मसात कर सकते है। मानव के जीवन और उसकी समग्र प्रगति में किताबों की सबसे बड़ी भूमिका रहती है। किताबें न केवल सूचना और ज्ञान के भंडार हैं बल्कि हमारे चिंतन और मानसिक विस्तार में तथा हमें एक सभ्य संस्कारी मनुष्य बनाने में बहुत बड़ा दायित्व निभाती है। पुस्तक प्रेमी व्यक्ति ईश्वर के निकट पहुंचा व्यक्तित्व होता है ।

### विश्व पुस्तक दिवस मनाया

पानीपत। माता-सीता रानी सेवा संस्थान के तहत चल रहे हाली अपना स्कूल में आज विश्व पुस्तक दिवस मनाया गया। निर्मला देशपांडे संस्थान के निदेशक राम मोहन राय ने कहा कि सचमुच पढने की आदत हमें जागरूक, समझदार और सम्पूर्ण व्यक्ति बनाती है। वैसे भी फेक न्यूज और वॉट्सएप के जरिए अधकचरा ज्ञान प्राप्त करने से कहीं बेहतर है। प्रामाणिक और स्तरीय किताबों, अखबारों, पत्रिकाओं को अपनी ज्ञान का जरिया बनाना। इस अवसर मुख्यध्यापिका प्रिया लूथरा, संस्था की महासचिव पूजा सैनी, मधु यादव, रोजी चावला, सोनिया गर्ग उपस्थित रहे।

---


पानीपत। आर्य कॉलेज में प्रदर्शनी में पुस्तकों का अवलोकन करते हुए विद्यार्थी।

# आर्य पीजी कॉलेज में पुस्तक प्रदर्शनी

### पुस्तकों में हर विषय की पुस्तकें रखी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आर्य कॉलेज के स्वामी विद्यानंद सरस्वती पुस्तकालय में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। पुस्तक प्रदर्शनी में विद्यार्थियों के साथ-साथ कॉलेज के प्राध्यापकों ने भी पुस्तकों का अवलोकन कर पुस्तकें खरीदी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष 23 अप्रैल को विश्व पुस्तक दिवस मनाया जाता है। पुस्तकें ज्ञान के प्रवेश द्वार के रूप में काम करती हैं, जो जानकारी और अंतदृष्टि का एक विशाल भंडार प्रदान करती हैं जिसका उपयोग छात्र करते हैं। चाहे वह विज्ञान के चमत्कारों की खोज करना हो, इतिहास की गहराइयों में उतरना हो, या कल्पना की दुनिया में खुद को डुबोना हो, किताबें ज्ञान का भंडार हैं जो एक छात्र के जीवन को समृद्ध करती हैं। पढ़ने से व्यक्ति का क्षितिज विस्तृत होता है और आलोचनात्मक सोच और विश्लेषणात्मक कौशल में वृद्धि होती है। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए आज विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर कॉलेज के स्वामी विद्यानंद सरस्वती पुस्तकालय में पुरानी पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी में लगभग दो हजार पुस्तकों का प्रदर्शित किया गया। पुस्तकें विद्यार्थियों को बहुत ही कम मूल्य पर दी गई। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में कॉलेज के प्राध्यापकों ने भी शिरकत की और पुस्तकें खरीदी डॉ. गुप्ता ने बताया कि प्रदर्शनी में प्रदर्शित की गई पुस्तकों में हर विषय की पुस्तकें रखी गई हैं इन पुस्तकों के मूल्य 30 रु से लेकर 50 तक रखा गया है। पहले दिन लगभग तीन सौ पुस्तकों की बिक्री हुई। पुस्तकालय में प्रदर्शनी का आयोजन दो दिन तक किया जाएगा। अंत में प्राचार्य ने कॉलेज पुस्तकालय की प्रभारी डॉ. मनीषा डूडेजा, अमित शर्मा, प्रदीप कुमार, सीमा चौधरी समेत अन्य स्टाफ सदस्यों को प्रदर्शनी के शानदार आयोजन के लिए बधाई दी।

---


पानीपत। एलएसबीटी स्कूल में हनुमान जयंती पर हवन करते विद्यार्थी व स्टाफ।

### एलएसबीटी स्कूल में हनुमान जयंती पर यज्ञ किया

**पानीपत।** श्री हनुमान जयंती के उपलक्ष में एलएसबीटी स्कूल में हवन का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के सभी अध्यापकगण और विद्यार्थियों ने सामूहिक आहुति दी। स्कूल के संचालक वीरेंद्र सैनी व प्रधानाचार्या डा.आशा सैनी ने हवन के जरिए वातावरण को शुद्ध रखने की सभी बच्चों को सलाह दी। सभी ने हनुमान चालीसा का उच्चारण करते हुए शपथ ली कि शिक्षा के साथ अपनी पुरानी परंपरा को नहीं भूलेंगे। इस अवसर पर हवन में प्राध्यापक नरेंद्र शर्मा, कपिल, मनीषा सैनी व अनामिका आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

---

# पर्यावरण को बढ़ावा देने वाले 100 विद्यार्थी व टीचर्स पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय, पानीपत में इको क्लब के युवा प्रकृति प्रहरी पुरस्कार सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ दलजीत सिंह ने की व कार्यक्रम का संचालन ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार अध्यक्ष इको क्लब की देखरेख में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि सुश्री टीनू पोसवाल सिटी मजिस्ट्रेट पानीपत व अतिविशिष्ट अतिथि बीके दीदी संतोष शामिल हुई। इधर, सिटी मजिस्ट्रेट टीनू पोसवाल ने कहा कि किसी भी काम के पीछे एक विचार होता है उसे सफल बनाने के लिए सामूहिक प्रयास उसे सफलता तक ले जाते हैं। पर्यावरण संरक्षण की दिशा सभी मिलकर प्रयास करें तभी वातावरण को शुद्ध बनाया जा सकता है। प्रो दलजीत कुमार ने एक मुहीम की शुरूआत की है उसे छात्रों ने मिलकर एक जन आंदोलन का रूप दिया है। उन्होंने इस मुहीम को को पूरे देश व प्रदेश में पहुंचाने का आह्वान किया। ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि इस सम्मान समारोह में 80 पूर्व व वर्तमान इको क्लब के विद्यार्थियों को 14 पत्रकारों को और छह अध्यापकों को तथा दो समाज सेवियों को सिटी मजिस्ट्रेट टीनू पोसवाल और बीके संतोष ने सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि इन इको क्लब के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के साथ ही महाविद्यालय के बाहर भी पर्यावरण संरक्षण के अनेक अभियानो में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस दौरान डॉ सरोज चौहान, डॉ स्नेहलता, डॉ बृजेश बराड़, डॉ दलबीर देसवाल, डॉ पूजा रानी, डॉ हेमलता, डॉ श्रीराम शर्मा बीके पालाराम, मास्टर सतीश कुमार,अनिल माली सहित इको क्लब के विद्यार्थी मौजूद रहे।



पानीपत। देशबंधु गुप्ता कॉलेज में सीटीएम सुश्री टीनू पोसवाल को सम्मानित करते हुए ग्रीनमैन प्रो .दलजीत। फोटो : हरिभूमि

---

# प्लास्टिक से दूरी बना कर पृथ्वी को बचाओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

- जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया


जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। छात्रों ने लघु नाटिका मै ना रहा तो न रहेगा पानी कविता, गीत और भाषण आदि गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और खुद भी शपथ ली। प्रधानाचार्या ऋतु सिंह ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए बताया कि भविष्य में बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग के कारण पृथ्वी पर जीवन के लिए संकट बन गया है जो पूरे विश्व के लिए चिंता का विषय है । इससे बचने के लिए पौधारोपण करवा उनकी देखभाल की जिम्मेदारी बच्चों को सौंपी ताकि उनमें जिम्मेदारी की भावना भी पनप सके । विद्यालय के चेयरमैन श्री अतुल जैन ने कहा कि पौधारोपण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना है । पर्यावरण अच्छा होगा तो पृथ्वी भी सुरक्षित रहेगी और हमारा स्वास्थ्य भी ठीक होगा । इस अवसर पर एडवोकेट मुस्कान जैन, विद्यालय के वाइस चेयरमैन युवराज जैन, शिक्षक वर्ग और सभी छात्र मौजूद रहे ।


पानीपत। जीडी गोयंका स्कूल में पर्यावरण घना करने को पौधे बांटते हुए अतुल जैन। फोटो : हरिभूमि

---

# प्रयाग स्कूल में छात्रों ने श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया

- श्री हनुमान के जीवन के रोचक प्रेरणात्मक तथ्यों की विस्तार से जानकारी दी


पानीपत। प्रयाग इंटरनेशल स्कूल में हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

**पानीपत।** प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में धार्मिक सभा का आयोजन किया गया। सभा का शुभारंभ सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा हनुमान चालीसा के मधुर पाठ से किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने श्री हनुमान के जीवन के रोचक प्रेरणात्मक तथ्यों की विस्तार से जानकारी दी। जबकि प्रधानाचार्य अंजू गुप्ता ने विद्यार्थियों को श्री राम एवं श्री हनुमान के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देते हुए कहा कि हर विद्यार्थी को सत्य की राह पर चलते हुए मानवता की निष्काम सेवा करनी चाहिए। वहीं जरूरतमंदों की सेवा करनी चाहिए और जीवन में धर्म का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान हनुमान, विद्यार्थियों को जीवन में चुनौतियों का सामना करने की शक्ति और आत्मविश्वास देंगे।

---

### हनुमान जन्मोत्सव मनाया

**पानीपत।** एमएएसडी पब्लिक स्कूल में श्रीराम के परम भक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर विद्यालय के छात्रों ने संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय रंग में रंग दिया। आयोजन के शुभांरभ में एक सुंदर भजन के माध्यम से छात्रों द्वारा परम भक्त हनुमान का गुणगान किया गया। वही, प्रधानाचार्य डा. बबीता भारद्वाज ने विद्यालय के सभी छात्रों, अध्यापकों एवं कर्मचारियों को हनुमान जयंती शुभकमानाएं दी।

### हनुमान जयंती व पृथ्वी दिवस मनाया

**समालखा।** भगवान शिव के अवतार श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव अपोलो इंटरनेशनल स्कूल पट्टी कल्याण में उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने लयबद्ध स्वर हनुमान चालीसा का उच्चारण किया और मेरे अंजनी के लाल पर मनमोहक भजन की प्रस्तुति दी। जबकि कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने पृथ्वी दिवस पर नुक्कड़ नाटक और भाषण में कविता के द्वारा दर्शकों को जागरूक किया।

### हनुमान चालीसा का पाठ किया

**पानीपत।** चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल गांव आट्टा में हनुमान जयंती पर रंगारंग कार्यक्रम किया गया। मंच संचालन शगुन ने किया। जिसमें हनुमान चालीसा, गीत, नृत्य, नाटक, भाषण, कविता व प्रश्नोत्तरी प्रस्तुत की गई। बच्चों ने भाषण व गीत के माध्यम से हनुमान जैसे भक्त बनने व उनके आदर्शों के महत्व को बताया। कार्यक्रम में कहा कि हनुमान को उनकी अपार शक्ति और ताकत के लिए पूजा जाता है।

---

### नव निर्मित रोडवेज बस स्टैंड में पंचमुखी हनुमान प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित

# बल, विद्या, बुद्धि के प्रेरक है संकट मोचन हनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

- आज का यह पावन दिन लोगो में विशेष उत्साह व उर्जा का संचार करता है : डॉ. वीरेन्द्र

पानीपत के निकटवर्ती गांव सिवाह में नव निर्मित रोडवेज बस स्टैंड में स्थित हनुमान मंदिर में पंचमुखी हनुमान की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सात दिन की पूजा अर्चना के बाद मंगलवार को पूर्ण हुई।

भव्य कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लेकर पंचमुखी हनुमान की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में कहा कि हनुमान को उनकी अपार शक्ति और ताकत के लिए पूजा जाता है। साधक उन्हें मारूति नंदन, बंजरगबली, पवन पुत्र वीर हनुमान और संकट मोचन के नाम से जाना जाता है। उनकी स्मृति में साधक उपवास भी रखते है व उनके संस्मरण भी एक-दूसरे के साथ सांझा करते है। आज का यह पावन दिन लोगो में विशेष उत्साह व उर्जा का संचार करता है। वहीं धार्मिक कार्यक्रम में शिकरत करते हुए उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने कहा कि हमें इस दिन सभी के स्वस्थ रहने की कामना करनी चाहिए। उन्होंने इस दौरान कमेटी द्वारा आयोजित हवन व भण्डारे में भी भागीदारी की व सबकी मंगलकामना के लिए प्रार्थना की व पंचमुखी हनुमान के दर्शन किए। जबकि परिवहन विभाग के जीएम कुलदीप जांगड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व सात दिन विशेष अनुष्ठान का भी आयोजन किया गया। जिसमें अखण्ड रामायण पाठ किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रसाद व भंडारे का आयोजन हुआ।


पानीपत। रोडवेज बस स्टैंड सिवाह में मंदिर में पूजन करते हुए उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया आदि।

---


पानीपत। रेड क्रॉस की सदस्यता ग्रहण करते हुए डॉ नवीन नैन भालसी।

# समाजसेवी डॉ नवीन नैन को बनाया रेड-क्रास का आजीवन सदस्य

**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय जाट संसद व अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ नवीन नैन भालसी को विश्व स्तर पर मानवीय जीवन के लिए हमेशा तत्पर रहने वाली संस्था रेड-क्रास सोसाइटी के जरनल सेक्रेटरी मुकेश अग्रवाल (चंडीगढ़) मुख्य कार्यालय में आजीवन सदस्य बनाया गया। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि हम तो हमेशा सामाजिक जीवन में 36 बिरादरी के भाई-चारे को मजबूत करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संवाद बैठक करते रहते है, इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि मैं पिछले दिनों अंतरराष्ट्रीय संवाद बैठकों के तहत स्विट्जरलैंड गया हुआ था, वहीं पर मैंने रेड-क्रास सोसाइटी की हैड ऑफिस जेनेवा में देखा था। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि रेड-क्रास सोसाइटी हमेशा मानवीय जीवन को बचाने में सेहत व ज़िन्दगी के लिए हमेशा तैयार रहती है व बताया कि आने वाली 8 मई को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रेड-क्रास का स्थापना दिवस मनाया जाता है जोकि इसके संस्थापक हेनरी डयूनेन्ट का जन्म दिवस है।

## खबर संक्षेप

### हनुमान के जन्मोत्सव पर हुआ कीर्तन

**अंबाला।** देवलोक ट्रस्ट द्वारा संचालित बराड़ा-दोसडका रोड पर स्थित हनुमान मंदिर में भगवान हनुमान के जन्मोत्सव के उपलक्ष में कीर्तन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। साथ ही कीर्तन में शामिल होकर दैवीय भजनों का आनंद लिया। सभी ने मिलकर समाज में अमन शांति बनी रहने के लिए प्रार्थना की।

### ड्यूटी अधिकारियों को दिए निर्देश

**नारायणगढ़।** एआरओ-3 एवं एसडीएम यश जालुका ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव को लेकर अधिकारियों/कर्मचारियों की विभिन्न टीमें बनाई गई हैं और उन्हें उनके कार्य की जानकारी भी दी जा रही हैं। इससे कि वे चुनाव को सही प्रकार से संपन्न करवा सकें। एआरओ की ओर से सैक्टर ऑफिसरों, सुपरवाईजरों को निर्देश भी दिए गए।

### अंबाला:मतदान के लिए जागरुक करें नंबरदार

**अंबाला।** एआरओ एवं एसडीएम यश जालुका ने कहा कि नंबरदार ग्रामीण क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण पद है। नंबरदार की बात पर ग्रामीण विश्वास करते हैं। उन्होनें कहा कि नंबरदार अपने-अपने गांवों में लोगों को मतदान के बारे में जागरूक करें। मतदाताओं से अनुरोध करें कि वे 25 मई को मतदान के दिन अपना वोट डालने अवश्य जाएं।

### गर्मी शुरू होते ही पेयजल की डिमांड बढ़ी

# पीने का पानी बर्बाद करने वाले 6100 लोगों को थमाए नोटिस

**जनस्वास्थ्य विभाग ने पानी बर्बाद करने वालों का सर्वे किया शुरू, अधिकारी बोले नोटिस के बाद होगी कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। व्यर्थ बहते पानी का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से अब पीने के पानी को बर्बाद करने वाले लोगों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। ट्विन सिटी में अब तक ऐसे 6100 लोगों को नोटिस दिए गए हैं। ये लोग पीने के पानी का गलत इस्तेमाल कर रहे थे। विभाग की ओर से सर्वे करवाकर ऐसे घर, दुकान, संस्थानों और अन्य जगहों का पता लगाया जा रहा है जहां पर पीने के पानी का या तो गलत इस्तेमाल हो रहा है या फिर पानी की बेवजह बर्बादी हो रही है। रिपोर्ट के शुरूआती चरण में विभाग को चौंकाने वाली जानकारियां ये मिल रही हैं कि पीने के पानी का गलत इस्तेमाल और बर्बादी केवल छोटी-छोटी लापरवाही की वजह से हो रही है।विभाग की सर्वे टीम घर-घर, दुकान-दुकान जाकर लोगों को पीने के पानी का सही उपयोग करने के बारे में जागरूक कर रही है। साथ ही जहां कहीं भी पानी की बर्बादी जिस वजह से हो रही उसमें सुधार करवा रही है। विभागीय अधिकारियों ने अब साफ तौर पर आदेश दिए हैं कि यदि अब कोई भी व्यक्ति पीने के पानी का गलत इस्तेमाल करता है या फिर बर्बादी करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग की शुरूआती सर्वे रिपोर्ट में पाया गया है कि बड़ी संख्या में ऐसे घर हैं जहां पानी के लिए नल नहीं लगे हैं। बेकार में पानी खुलेआम में यूं ही बर्बाद बह रहा है। दूसरा सर्विस स्टेशन। काफी संख्या में ऐसे सर्विस स्टेशन हैं जो पीने के पानी का इस्तेमाल वाहनों की धुलाई में इस्तेमाल कर रह रहे हैं। इन्हें विभाग की तरफ से चन्हिति किया जा रहा है और चेतावनी देकर पीने के पानी के इस्तेमाल करने के लिए आगाह किया गया है। मार्केट में भी कई प्वाइंट्स ऐसे हैं जहां पर दुकानदारों की ओर से पीने का पानी उपयोग में लिया जाता है लेकिन यहां लीकेज आदि को रोकने के लिए कोई ध्यान नहीं दिया जाता। पानी के जरिए अपने घर के आसपास खाली पड़ी जगहों पर कई लोग सब्जी हरे चारे की पैदावार करने में भी लगे हैं। ये गलत है।

#### बर्बादी रोकने के लिए कार्रवाई जारी

जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीई जितेंद्र सिंह ने बताया कि गर्मियां शुरू होते ही पीने के पानी की डिमांड भी बढ़ गई है। हर व्यक्ति को रोज जरुरत के लिए 130 पानी की जरुरत होती है। उन्होंने बताया कि अंबाला शहर व छावनी में पानी के 87 हजार कनेक्शन हैं। उन्होंने बताया कि शहर में पानी को बर्बाद करने वाले 2500 लोगों को नोटिस दिए गए हैं जबकि अंबाला छावनी में ऐसे 3600 लोगों को नोटिस दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जरुरत के लिए अंबाला छावनी में 60एमएलडी व शहर में 54 एमएलडी पानी की सप्लाई हो रही है। दोनों जगह पीने के पानी की बर्बादी रोकने के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

#### अवैध कनेक्शन करवाए जा रहे बंद

पीने के पानी का गलत इस्तेमाल अवैध कनेक्शनों के जरिए भी हो रहा है। विभाग की सर्वे टीम ऐसे कनेक्शनों की पहचान करके उन्हें बंद करवा रही है। यदि कोई व्यक्ति अपनी जम्मिदारी पर कनेक्शन को चालू रखना चाहता है तो उसके नाम पर उस कनेक्शन को वैध किया जा रहा है। सर्वे टीम की ओर से हर घर, हर दुकान संस्थान का सर्वे किया जा रहा है। जहां कहीं भी लीकेज है ठीक करवाया जा रहा है, अवैध कनेक्शन बंद करवाए जा रहे हैं, पानी की बर्बादी या गलत प्रयोग करने वालों को चन्हिति किया गया है। इन्हें चेतावनी दी गई है। यदि भवष्यि में पानी का गलत प्रयोग या बर्बादी कोई करेगा तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


मुलाना। गोशाला में गायों की सेवा करते मयंक राणा।

# तलवारबाजी प्रतियोगिता में मयंक का शानदार प्रदर्शन

- गांव खुड्डा पहुंचने पर लोगों ने किया स्वागत, जीत पर गोमाता की सेवा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

बड़ा खुड्डा गांव के रहने वाले युवा मयंक राणा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में तलवार बाजी में बेहतर प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। तलवारबाजी में वश्वि स्तरीय चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करते हुए उन की इस कामयाबी पर उनके घर पर व गांव में भी खुशी का माहौल है।

बेहतर प्रदर्शन कर गांव लौटने के बाद मयंक राणा कालपी(साहा) स्थित गौशाला में पहुंचे। इस दौरान गौशाला के सेवादार रमेश भी वहां मौजूद रहे। बता दें कि खुड्डा कलां गांव के रहने वाले 16 वर्षीय मयंक राणा ने वश्वि तलवारबाजी की कैडेट प्रतियोगिता में हस्सिा लिया। यह प्रतियोगिता सउदी अरब के रियाद में आयोजित हुई थी। प्रतियोगिता में भाग लेकर जब मयंक राणा लौटे तो पहले दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। मयंक के पिता कुलदीप राणा ने बताया कि इससे पहले वह जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में कई मेडल जीत चुका है। बीते वर्ष दिसंबर माह में गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय जूनियर तलवारबाजी प्रतियोगिता में पांचवीं रैंक हासिल की थी। इससे पहले वह राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में तीन कांस्य पदक भी जीत चुका है। जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी मयंक ने स्वर्ण पदक जीते हैं। मयंक 11वीं कक्षा में पढ़ने वाले राणा आगे की प्रतियोगिताओं के लिए तैयारी करने में जुटा हुआ है।

# पंचमुखी हनुमान के भजनों पर जमकर झूमे हजारों श्रद्धालु

- श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रामायण के पाठ का डाला गया विधिवत भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


बराड़ा। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

उपमंडल के गांव अधोया में स्थित दक्षिणमुखी श्री पंचमुखी हनुमान व खाटूश्याम मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रखे गए श्री रामायण जी के पाठ का विधिवत भोग डाला गया। महिलाओं द्वारा गाए गए हनुमान के भजन कीर्तन द्वारा माहोल भक्तिमय हो गया तत्पश्चात रामायण जी की आरती की गई। हनुमान चालीसा का पाठ किया गया तत्पश्चात हनुमान का भोग लगाया गया व अटूट भंडारे का वितरण किया गया। इस पावन अवसर पर संदीप गोयल, अनुकूल गर्ग, घनश्याम शर्मा, मुकेश गर्ग, रवद्रिं शर्मा, गुलाब सिंह, दिवांशु बंसल, श्याम राणा, रणदीप सिंह पिंकू, सुदेश कुमार, सुदर्शन पंडित, जतिन, विकास, विवेक व मातृशक्ति उपस्थित रहे।

# प्राकृतिक में संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण जरूरी

- राजकीय आईटीआई भारांपुर में किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर


शहजादपुर। आईटीआई में पौधरोपण करते भारत विकास परिषद के पदाधिकारी।

राजकीय औद्योगिक आईटीआई भारांपुर में पौधा-रोपण किया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के संरक्षक प्रवीण भारद्वाज व पर्यावरण प्रमुख बलदेव शर्मा संस्थान में भन्नि प्रकार के पौधों का रोपण कर संस्थान के प्रशक्षिणार्थियों को संदेश दिया कि अपने आस-पास पडोस में हर वर्ष एक पौधा अवश्य लगाएं। भारद्वाज ने संस्थान के सभी छात्र-छात्राओं व स्टॉफ सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ हमारे लिए जीवन समर्थन प्रणाली की तरह हैं जो हमें हर दिन उपयोग की जाने वाली कई चीजें प्रदान करते हैं जैसे- रबर, लकड़ी, कागज और हमारे द्वारा खाया जाने वाला भोजन। इसी कड़ी में पर्यावरण प्रमुख बलदेव शर्मा ने कहा कि अपने पर्यावरण को विविध और स्वस्थ बनाए रखने के लिए अधिक पेड़ लगाकर मदद करना हमारा काम है। किसी क्षेत्र में अधिक हरियाली और पौधे जोडऩे के लिए पेड़ लगाना महत्वपूर्ण है। संस्थान प्रभारी विनोद सिंह शेखावत ने इस अवसर पर संस्थान में आम्रपाली आम के पौधे का रोपण किया। उन्होंने संस्थान के सभी छात्र-छात्राओं व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रकृति में संतुलन तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़-पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। फल-फूलों की प्राप्ति भी हमें पेड़-पौधों से ही होती है और पेड़-पौधे हमें जीवन दायनी आक्सीजन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे लगाकर हम अपने पृथ्वी ग्रह को ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के बुरे प्रभावों से बचा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि पर्यावरण संरक्षण सतत जीवन जीने और पर्यावरण को व्यक्तियों के लिए अधिक सुरक्षित बनाने में मदद करता है। पर्यावरण संरक्षण से वायु, जल और भूमि प्रदूषण कम होता है। जैव विविधता की सुरक्षा सुनश्चिति करने के लिए पर्यावरण संरक्षण का बहुत महत्व है। उन्होंने संस्थान के सभी छात्र-छात्राओं व कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वह हर साल अपने जन्म दिन, अपने माता-पिता की सालगिराह, शादी के अवसर पर वर-वधू से व अन्य विशेष दिवसों पर एक पौधा जरूर लगाएं व उसकी देख-भाल भी जरूर करें। इस अवसर पर संस्थान में कार्यरत अशोक कुमार, महेशचन्द्र, राकेश कुमार, शैली, मीनाक्षी बाली, सीमा रानी, कर्मजीत, अजीत, रोहित, रमेश कुमार, अभिलाश ने भी पौधारोपण किया।



मुलाना। कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी।

# अपनी कमियों-क्षमताओं पर विचार करें विद्यार्थी

- महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

महाराणा प्रताप नेशनल महावद्यिा कैरियर मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत करियर के प्रमुख लक्ष्य विषय पर वस्तृित व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर अरुण कांत पनोली ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने उपरोक्त विषय पर वद्यिार्थियों का ज्ञानवर्धन किया। अपने संबोधन में उन्होंने वद्यिार्थियों को कहा कि अपने लक्ष्य को निश्चिश्त करने से पहले अपने उद्देश्यों को तय करें, उसके बाद अपनी कमियां और क्षमताओं के बारे में विचार करें। मेहनत के साथ आगे बढ़े।

उन्होंने कैरियर विकल्पों की पहचान करने के लिए आवश्यक ज्ञान, सूचना वद्यिार्थियों को प्रदान की। सहायक प्राध्यापक डॉ. राजीव कुमार ने भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। प्राचार्या डॉ राजश्री खरे ने अतिथियों का स्वागत किया और बताया कि शक्षिा का मुख्य उद्देश्य स्वरोजगार और नौकरी के अवसरों पर जागरूकता प्रदान करना है। सेल के सदस्य डॉ. विजय चौहान व डॉ. आशुतोष ने अपना योगदान देकर कार्यक्रम की सफलता सुनश्चिति की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

# बुजुर्ग की हत्या की गुत्थी सुलझाई प्रवासी मजदूर को किया गिरफ्तार

- मामूली विवाद को लेकर अंजाम दी थी वारदात, पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले

हरिभूमि न्यूज. अंबाला


अंबाला। हत्या के आरोप में पकड़ा प्रवासी मजदूर।

कुलदीप नगर के पास एक बुजुर्ग की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने इस सिलसिले में एक व्यक्ति को काबू किया है। शुरूआती जांच में ही आरोपी ने हत्या की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल कर ली है। अब पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। एसपी जश्नदीप सिंह रंधावा ने बताया कि थाना पडाव क्षेत्र में हुई हत्या के मामले में पुलिस ने बिहार के गांव खुगियाल टोला के सुभाष कुमार को गिरफ्तार किया है। इस मामले में कुलदीप नगर के पास प्लाट नंबर छह में काम करने वाले सौरभ सिंह ने 22 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने उसके ताऊ की तेजधार हथियार से हत्या कर दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान ही पुलिस को पता चला कि यह वारदात सुभाष ने अंजाम दी है। सुभाष भी बिहार का ही रहने वाला है। दोनों साथ काम करते थे। मामूली विवाद को लेकर ही आरोपी सुभाष ने बुजुर्ग की हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी फरार हो गया।

# कैंसर मरीज के नाम पर ५२ लाख का लोन हड़पा

- मरीज की मौत के बाद लिया लोन, गारंटर के हस्ताक्षर भी किए फर्जी
- किस्त नहीं चुकाने पर मिला नोटिस,फूटा फर्जीवाड़े का भंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




फर्जी गारंटर बना कैंसर पीड़ित के नाम से मशीनरी के नाम पर लगभग 52 लाख रुपये का लोन लेकर हड़पने का मामला सामने आया है। खास बात यह है कि लोन भी कैंसर पीड़ित की व्यक्ति की मौत के बाद उसके फर्जी हस्ताक्षर किए गए। फर्जीवाड़े के खेल में बैंक कर्मी भी शामिल रहे। मामले का खुलासा होने के बाद शहर थाना पुलिस ने चार लोगों को नामजद कर कुछ बैंक कर्मियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

शीतलपुरी कालोनी निवासी नरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सिविल ठेकेदार है। उसका बड़ा भाई स्व. राजेश गांव देवरड़ में शादीशुदा है। मई 2023 मे उसके भाई का साला शत्रुघन तथा रामेहर व एक अन्य व्यक्ति के साथ घर पर आया था। मशीन लोन के लिए उसके गारंटर के लिए दस्तावेज ले लिए। उन्हें बैंक कर्मी को साथ लेकर आने के बात कही थी। दोबारा वे लोग नही आए। नौ अक्टूबर 2023 को उसके फोन पर केस होने का संदेश आया। जिसमें उसे गारंटर के तौर पार्टी बनाया गया। जब उसने रामेहर से पूछा तो उसने बताया कि लोन उसके कैंसर पीड़ित भाई रमेश के नाम पर लिया गया था। जब उसने बिना हस्ताक्षर के गारंटर बनाने के बारे में पूछा तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नही दिया। जिस पर उसने आइडीएफसी बैंक रोहतक जाकर पूछताछ की तो बताया गया कि लोन सुरेंद्र व रामेहर की मार्फत हुआ है। कागजातों को बैंककर्मी प्रवीण तथा बैंक मैनेजर ने तैयार किया है। जब उसने दस्तावेजों को निकलवाया तो आवेदन तथा एग्रीमेंट पर उसके गारंटर के तौर पर फर्जी हस्ताक्षर थे। जिस कैंसर पीड़ित रमेश के नाम पर लोन लिया गया था उसकी मौत 21 मई 2023 को हो गई थी।

### कांग्रेस पर पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का तंज

# अंबाला में मिलते हैं किराए पर बाराती, शायद वहां मिल जाए प्रत्याशी

- छावनी में भाजपा की उम्मीदवार बंतो कटारिया को भारी मतों से विजयी करने के लिए शुरू किया डोर-टू-डोर प्रचार अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। दुकानदारों से वोट की अपील करते पूर्व मंत्री विज व बंतो कटारिया।

पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने मंगलवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं करने पर तंज कसते हुए कहा कि अंबाला कैंट में एक दुकान में किराए पर बाराती मिलते हैं। अगर वो प्रत्याशी देते है तो कांग्रेस उनसे प्रत्याशी किराए पर ले सकती है। कांग्रेस की लोकसभा चुनावों को लेकर एक फेक लिस्ट वायरल होने पर विज ने कहा की फेक पार्टी की फेक लिस्ट जारी होना कोई बड़ी बात नहीं है। विज मंगलवार को अंबाला छावनी में भाजपा की उम्मीदवार बंतो कटारिया के लिए शुरू किए गए डोर-टू-डोर प्रचार अभियान के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि देश भर में लोकसभा चुनाव का डंका बज चुका है। भाजपा चुनाव प्रचार में ताबडतोड़ कार्यक्रम कर रही है तो वहीं कांग्रेस ने अभी तक प्रदेश में अपने उम्मीदवार घोषित नहीं किए हैं। विज ने कांग्रेसियों पर तंज कसा और सलाह देते हुए कहा कि कांग्रेस में कोई लोक सभा के उम्मीदवार नहीं हैं। उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिया के साथ दुकान-दुकान, घर-घर जाकर चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा कि हमारा प्रचार जोरों पर है। हम घर-घर और दुकान-दुकान जाकर मतदाताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पैगाम दे रहे हैं। मोदी ने देश के लिए जो किया है वो किसी ने नहीं किया होगा। पूर्व मंत्री अनिल विज ने भाजपा अंबाला लोक सभा प्रत्याशी बंतो कटारिया के साथ दुकान दुकान, घर घर जाकर चुनाव प्रचार किया व वोट मांगे। चुनाव प्रचार निकलसन रोड स्थित पार्टी कार्यालय से प्रारंभ होकर सदर बाजार, डीसी रोड, विजय रतन चौक, राय मार्केट एवं अन्य बाजारों से होता हुआ वापस पार्टी कार्यालय परं संपन्न हुआ। बाजारों में दुकानदारों व बाजार एसोसिएशनों द्वारा जगह-जगह फूल-मालाओं के अलावा फूलों की बरखा करते हुए स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा चुनाव समिति के अध्यक्ष ललित चौधरी के अलावा भाजपा नेता जसबीर जस्सी, विजेंद्र चौहान, किरणपाल चौहान, संजीव सोनी, बीएस बिंद्रा, श्याम सुंदर अरोड़ा, फकीरचंद सैनी, राम बाबू यादव, नरेंद्र राणा, ललता प्रसाद, सुदर्शन सिंह सहगल, अजय बवेजा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, महिला मोर्चा एवं कार्यकर्ता मौजूद रही।